# PRI की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने लिया CPD57 में भाग

**स्रोत: पी.आई.बी.**

भारत के पंचायती राज संस्थानों से **निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों (Elected Women Representatives- EWR)** ने **संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या और विकास आयोग (Commission on Population and Development- CPD) कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका शीर्षक** था **"SDG का स्थानीयकरण: भारत में स्थानीय प्रशासन में महिला नेतृत्व"।**

- यह कार्यक्रम **संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या और विकास आयोग** (CPD57) के 57वें सत्र का हिस्सा था।
    - इसका आयोजन **संयुक्त राष्ट्र** में भारत के स्थाई मिशन और पंचायती राज मंत्रालय द्वारा संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष **(United Nations Population Fund- UNFPA)** के सहयोग से न्यूयॉर्क में **संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय सचिवालय भवन** में किया गया था।
- भारत की पंचायती राज प्रणाली में **1.4 मिलियन से अधिक EWR में शामिल हैं** , जो महिलाओं के नेतृत्व में सशक्तिकरण, समावेशन और प्रगति को प्रदर्शित करते हैं।

## संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या एवं विकास आयोग (CPD) के विषय में:

- वर्ष 1946 में आर्थिक और सामाजिक परिषद **(Economic and Social Council- ECOSOC)** द्वारा एक जनसंख्या आयोग की स्थापना की गई थी, जिसे वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा **जनसंख्या और विकास आयोग** नाम दिया गया था।
- आयोग **47** सदस्य देशों से बना है।
- सदस्य देशों को भौगोलिक वितरण के आधार पर **4 वर्षों की अवधि के लिये ECOSOC** द्वारा चुना जाता है।

**और पढ़ें:** पंचायती राज संस्थान (Panchayati Raj Institution- PRI)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/elected-women-representatives-of-pri-participated-in-cpd57